# The ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE - HINDI

# CURRENT AFFAIR BOOSTER

27 – 04 – 2023

THURSDAY



## 1. जापानी निजी कंपनी आईस्पेस इंक का चंद्रमा पर लैंडिंग का प्रयास हुआ विफल



जापान की एक कंपनी का अंतरिक्ष यान  चंद्रमा पर उतरने की कोशिश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. संपर्क टूटने के छह घंटे से अधिक समय बाद तोक्यों की कंपनी आईस्पेस (Ispace) ने उस बात की पुष्टि कीकि यान चंद्रमा की सतह पर उतरने की कोशिश करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया. यह आईस्पेस के लिए बेहद निराशाजनक है, क्योंकि वह करीब साढ़े चार महीने से इस मिशन पर काम कर रहा था, जिसका मकसद चंद्रमा की सतह पर एक स्पेस शिप को सफलतापूर्वक उतारना था , Ispace के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) ताकेशी हकमादा को यान से संपर्क टूट जाने के बाद भी उसके चंद्रमा पर सुरक्षित रूप से उतर जाने की उम्मीद थी

## 2. मेक्सिको में खोजा गया 900 फुट गहरा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ब्लू होल



मेक्सिकोमें युकाटन प्रायद्वीप (Peninsula) के तट पर विश्व का दूसरा सबसे गहरा ब्लू होल खोजा गया है. ये विशाल अंडरवाटर गुफा लगभग 900 फीट गहरी है और इसका क्षेत्रफल 147,000 वर्ग फीट के करीब बताया जा रहा है. यह चेतुमल खाड़ी में स्थित है. ब्लूहोल समुद्र तल में उकेरी गई प्राचीन चूना पत्थर की गुफाओं की तरह है. गिरे हुए पेड़ों और पत्तियों से डेड बैक्टीरिया के संचय के कारण, ये कम ज्ञात ब्लू होल दिखने में काले और प्रकाश से रहित है. सतह से वे दलदल से ज्यादा कुछ नहीं लगते हैं इन ब्लू होल में ऑक्सीजन बहुत कम है और सूरज की रोशनी केवल सतह पर चमकती है. इन स्थितियों के साथ भी ये विशाल होल जीवन से भरे हुए हैं, जो कम ऑक्सीजन वाले वातावरण के अनुकूल हो गए हैं.

## 3. आईआईटी मद्रास में राष्ट्रीय पत्तन, जलमार्ग और तटों के लिए प्रौद्योगिकी केंद्र का किया गया उद्घाटन



केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को आईआईटी मद्रास के डिस्कवरी परिसर में बंदरगाह, जलमार्ग और तट के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी केंद्र (एनटीसीपीडब्ल्यूसी) का उद्घाटन किया।पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की प्रौद्योगिकी शाखा के रूप में एनटीसीपीडब्ल्यूसी का विस्तार किया जाएगा ताकि जलवायु परिवर्तन, समुद्री रोबोटिक्स, समुद्री सूचना विज्ञान के क्षेत्रों में विश्वस्तरीय बहुउद्देश्यीय समुद्री प्रयोगशालाओं को शामिल किया जा सके।कि एक समुद्री नवाचार केंद्र को एनटीसीपीडब्ल्यूसी में स्थापित किया जाएगा। यह देश में स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा। कि भविष्य में एनटीसीपीडब्ल्यूसी के अनुरूप उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। सोनोवाल ने कहा कि

भारत के अमृत काल में हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के दृष्टिकोण से आगे बढ़ रहे।

## 4. श्रीकांत भंडीवाड बने केवीजीबी के नए अध्यक्ष



श्रीकांत एम भंडिवाड़ ने कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक (केवीजीबी) के नए अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति हुई।भंडिवाड़ ने इस नियुक्ति से पहले केनरा बैंक के पटना सर्कल के प्रमुख के रूप में कार्य किया था, और बैंक के मुख्यालय में सीएमडी के सचिवालय में काम करने का अनुभव भी हासिल किया था।वह केनरा बैंक के ग्रामीण शाखाओं में कृषि विस्तार अधिकारी के रूप में अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने कैनारा बैंक के हेड ऑफिस के कृषि परामर्श सेवाओं में भी सलाहकार के रूप में काम किया। केनरा बैंक में 29 साल काम करने के बाद, भंडीवाड़ ने हरियाणा, राजस्थान, बिहार, और कर्नाटक जैसे विभिन्न राज्यों में काम करने का अनुभव प्राप्त किया इसके अलावा, उन्होंने कैनफिन होम्स लिमिटेड के उप प्रबंध निदेशक के रूप में भी तीन साल काम किया।

## 5. दलाई लामा को 64 साल बाद व्यक्तिगत रूप से रेमन मैग्सेसे पुरस्कार मिला



तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनको यह पुरस्कार तिब्बती समुदाय के लिए संघर्ष करने और तिब्बती संस्कृति को प्रेरणा दिलाने के लिए दिया गया। इस अवॉर्ड के लिए 1959 में चुना गया था, लेकिन तब चीन की वजह से वह तिब्बत से भागकर भारत आ गए थे, इस वजह से पुरस्कार लेने नहीं जा सके थे। अब 64 साल के बाद रेमन मैग्सेसे की टीम दलाई लामा को हिमाचल स्थित उनके घर पर यह पुरस्कार देने पहुंची। दलाई लामा को दिया जाने वाला यह पहला इंटरनेशनल अवॉर्ड था। फिलीपींस के रेमन मैग्सेसे अवार्ड फाउंडेशन ने दलाई लामा को पवित्र बौद्ध धर्म की रक्षा में तिब्बती समुदाय के वीरतापूर्ण संघर्ष में उनके नेतृत्व को सम्मानित करते हुए दिया था।

## 6. Nasscom ने अनंत माहेश्वरी को नया चेयरपर्सन नियुक्त किया



सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के राष्ट्रीय संगठन नैसकॉम के अगले चेयरपर्सन के तौर पर माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष अनंत माहेश्वरी को चुना गया है। वह इस पद पर कृष्णन रामानुजम की जगह लेंगे। रामानुजम टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में कारोबार एवं प्रौद्योगिकी सेवाओं के अध्यक्ष हैं। देश में

सॉफ्टवेयर एवं आईटी सेवा कंपनियों के संगठन ने कॉग्निजेंट इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राजेश नांबियार को 2023-24 सत्र के लिए अपना वाइस चेयरपर्सन नियुक्त किए जाने की भी जानकारी दी। उनका मुख्य ध्यान भारत के घरेलू क्षेत्र में नवाचार के प्रभाव और स्तर को बढ़ाने पर होगा, ताकि विशेष रूप से वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं का सामना करते हुए सतत विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उद्योग के नेतृत्व का लक्ष्य घरेलू बाजार में राजस्व में वृद्धि करना और गहरी प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन और व्यापक प्रभाव में तेजी लाना है।

## 7. मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू बने बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति



मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति बन गए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री शेख हसीना, राजनेताओं, न्यायाधीशों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति थी यह घटना बांगबाबन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में आयोजित की गई थी, जहां स्पीकर शिरीन शर्मीन चौधरी ने शाहाबुद्दीन को शपथ दी बांग्लादेश के सामान्य चुनाव की तैयारियों के संबंध में शासित अवामी लीग और बांग्लादेश जातीयतावादी पार्टी (बीएनपी) के बीच चुनावी प्रणाली के बारे में विवाद बढ़ रहे हैं। उन्होंने शुरुआत में जिला न्यायाधीश के रूप में काम किया और बाद में स्वतंत्र भ्रष्टाचार आयोग के आयुक्त के रूप में सेवा की। उन्होंने फिर राजनीति में कदम रखा और अवामी लीग सलाहकार परिषद के सदस्य बन गए,

## 8. क्वाड समिट में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मिलीभगत से बढ़ेगी इंडो-पेसिफिक सहयोग



आगामी सिडनी क्वाड समिट, भारतीय महासागर क्षेत्र की चार लोकतांत्रिक राजनयों के बीच बढ़ते सहयोग के एक महत्वपूर्ण चरण को दर्शाता है। क्वाड में संयुक्त राज्य, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं, जो स्वतंत्र और खुले भारत-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने की तलाश में हैं, जिसमें समुद्री सुरक्षा, अवसंरचना विकास और आर्थिक एकीकरण के लिए ध्यान केंद्रित है। तीसरी पारदर्शी क्वाड सम्मेलन में संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़ की भागीदारी होगी।, जिसमें समुद्री सुरक्षा, बुनियादी ढांचे के विकास और आर्थिक एकीकरण पर ध्यान केंद्रित है, एक मुक्त और खुला इंडो-पेसिफिक को बढ़ावा देने की कोशिश में है।

**ONE LINER**

**RBI के गवर्नर शक्तिकांत दास ने किस शहर में वित्तीय लचीलापन पर वैश्विक सम्मेलन को संबोधित किया है -** मुंबई

**हाल ही में किस देश में वैश्विक शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदर्शनी में इंडिया पवेलियन का उद्घाटन है -** UAE

हाल ही में कौन सा खिलाडी 200 T20 विकेट लेने वाले सबसे युवा गेंदबाज बन गया है - शाहीन अफरीदी

हाल ही में किस देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश की पहली गर्भपात की गोली को मंजूरी दी है – फ्रांस

हाल ही में किसके द्वारा फ़िशिंग हमले से बचाव के लिए "ब्रांड 9 ट्रैक्टर' लॉन्च किया गया है - अकामाई

हाल ही में किसे नैसकॉम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है - अनंत माहेश्वरी

हाल ही में दुनिया का किस सबसे बड़ा साइबर रक्षा अभ्यास का आयोजन एस्टोनिया देश में किया गया है- लॉक्ड शील्ड

हाल ही में BMD इंटरसेप्टर मिसाइल का पहला उड़ान परीक्षण किसने किया है –DRDO

हाल ही में कहाँ में 900 फीट ऊपर दुनिया के दूसरे सबसे गहरे ब्लू होल का खुलासा किया गया है – मैक्सिको

हाल ही में किस राज्य के मनामदुराई मिट्टी के बर्तनों को GI टैंग मिला है – तमिलनाडु

**QUIZ**

**1. T20 क्रिकेट में सबसे तेज़ 200 विकेट लेने वाले पेसर कौन बन गए है?**

(a) कगिसो रबाडा
(b) मिचेल स्टार्क
(c) शाहीन अफरीदी
(d) भुवनेश्वर कुमार

EXPLANATION-: पाकिस्तानी तेज़ गेंदबाज़ शाहीन अफरीदी T20 क्रिकेट में सबसे तेज़ 200 विकेट लेने वाले पेसर बन गए हैं. उन्होंने इस मामले में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ा. शाहीन ने यह उपलब्धि 143वें T20 में मैच में हासिल की. रबाडा ने अपने 200 T20 विकेट 146 T20 मैच खेलकर हासिल किया था.

**2. हाल ही में किस देश ने रतन टाटा को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है?**

(a) यूएसए
(b) फ्रांस
(c) यूके
(d) ऑस्ट्रेलिया

EXPLANATION-: ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने, टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा को अपने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया' (AO) से सम्मानित किया है. रतन टाटा भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के समर्थक रहे हैं, जिसे 2022 में अंतिम रूप दिया गया था.

**3. तीसरे इन-पर्सन क्वाड समिट की मेजबानी कौन सा देश करेगा?**

(a) ऑस्ट्रेलिया
(b) भारत
(c) यूएसए
(d) जापान

EXPLANATION-: ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने बताया कि उनका देश सिडनी में 24 मई को तीसरे इन-पर्सन क्वाड समिट की मेजबानी करेगा. इस उच्च स्तरीय बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापानी पीएम फुमियो किशिदा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे. ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने दक्षिण पूर्व एशियाई

देशों के संगठन (आसियान) और प्रशांत द्वीप समूह फोरम सहित कई भागीदारों के साथ मिलकर काम करने की बात कही है.

**4. हाल ही में कौनसा देश दुनियां का सबसे बड़ा 'नार्को स्टेट बना है ?**

(a) सीरिया

(b) बांग्लादेश

(c) श्रीलंका

(d) पाकिस्तान

**EXPLANATION-:** सीरिया दुनिया का सबसे बड़ा नार्को-स्टेट बन गया है। नार्को-स्टेट का मतलब उस देश से है जो अपनी अर्थव्यवस्था चलाने के लिए नशे के निर्यात पर निर्भर है। इसकी अर्थव्यवस्था ही नशे से चलती है। सीरिया खासतौर पर एम्फैटिन जैसे टैबलेट का एक्सपोर्ट करता है। इसे कैप्टागन या गरीबों का कोक भी कहा जाता है।

नशे के निर्यात से होने वाली कमाई का सीरिया के विदेशी मुद्रा में 90 फीसदी हिस्सा है। कैप्टागन एक टैबलेट है, जो एम्फैटिन और कैफीन से बनाया जाता है।

**5. हाल ही में किसे 'यूएस इंडिया टास्क फोर्स में नामित किया गया है ?**

(a) पूजा हेगडे

(b) अवनी चतुर्वेदी

(c) नीली बेंदापुड़ी

(d) शेर्या दत्ता

**EXPLANATION-:** भारतीय मूल की अकादमिक नीली बेंदापुडी को अमेरिका और भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच अनुसंधान और अकदामिक साझेदारी के विस्तार पर केंद्रित एसोसिएशन ऑफ अमेरिकन यूनिवर्सिटीज टास्क फोर्स के पांच सह-अध्यक्षों में से एक के रूप में नियुक्त किया गया है। पेंसिल्वेनिया स्टेट यूनिवर्सिटी की एक विज्ञपति में कहा गया है कि टास्क फोर्स के लिए स्वाभाविक फिट के रूप में देखा गया।

**6. बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति के तौर पर किसने शपथ ली है?**

(a) मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू

(b) शेख हसीना

(c) शेख रसेल

(d) शेख सलाहुद्दीन जेवेल

**EXPLANATION-:** मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू ने बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली. बांग्लादेश संसद के अध्यक्ष शिरीन शर्मिन चौधरी ने शहाबुद्दीन को पद की शपथ दिलाई. वह 13 फरवरी को निर्विरोध चुने गए थे. निवर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हमीद ने नव-निर्वाचित राष्ट्रपति को बधाई दी. मोहम्मद शहाबुद्दीन, जिनका जन्म 1949 में उत्तर-पश्चिमी पबना जिले में हुआ था.

**7. किसे हाल ही में 'प्रतिष्ठित गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है??**

(a) क्रिस्टल एम्ब्रोस

(b) चीमा विलियम्स

(c) एलेसेंड्रा कोराप

(d) डायने विल्सन

**EXPLANATION-:** गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार जमीनी स्तर के पर्यावरण कार्यकर्ताओं को प्रतिवर्ष दिया जाने वाला पुरस्कार है , जो दुनिया के छह भौगोलिक

**क्षेत्रों में से प्रत्येक में से एक है: अफ्रीका, एशिया, यूरोप, द्वीप और द्वीप राष्ट्र, उत्तरी अमेरिका और दक्षिण और मध्य अमेरिका। यह पुरस्कार गोल्डमैन एनवायरनमेंटल फाउंडेशन द्वारा दिया जाता है**

**8. किस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल का 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया है?**

**(a) पंजाब**

**(b) कर्नाटक**

**(c) तेलंगाना**

**(d) महाराष्ट्र**

**EXPLANATION-: पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के संरक्षक प्रकाश सिंह बादल को को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। प्रकाश सिंह बादल काफी समय से मोहाली के अस्पताल में भर्ती थे। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के वरिष्ठ नेता को सांस लेने में परेशानी होने की शिकायत के बाद एक हफ्ते पहले फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया था।**